जबलपुर | सोमवार | 15 दिसंबर 2025 | वर्ष 76 | अंक 311 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण



5 बढ़ा एलएचबी कोचों का उत्पादन



6 भारतीय छात्रों को रोकने के लिए गोल्ड कार्ड वीजा





7 बैंक हॉलिडे : जरूरी काम पहले निपटाएं



8 टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 90 रनों से रौंदा

## एक नजर में



### ऑर्गेनाइजर की जमानत खाचिका खारिज

**हैदराबाद.** पश्चिम बंगाल की बिधान नगर सेशन कोर्ट ने लियोनेल मेसी के गोट इंडिया टूर के ऑर्गेनाइजर, सताद्रू दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. मेसी के कोलकाता दौरे के बाद साल्ट लेक स्टेडियम में हुए हंगामे के बाद कोलकाता पुलिस ने इवेंट मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया था, उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पुलिस ने तब गिरफ्तार किया, जब वह मेसी और इंटर मियामी की टीम के जा रहे थे. सताद्रु दत्ता को साल्ट लेक स्टेडियम में मिस मैनेजमेंट के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद बिधान नगर कोर्ट में पेश किया गया, जब उन्हें कोर्ट लाया जा रहा था तो बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कोर्ट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया.

### नकली मलहम बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने शेड्यूल-एच की नकली दवाओं के निर्माण, दोबारा पैक करने और देशव्यापी बिक्री में कथित रूप से शामिल एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने एक विनिर्माण इकाई का भी पता लगाया है और वहां से 2.3 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की नकली दवाएं और कच्चा माल जब्त किया है. पुलिस के मुताबिक इस मामले में (उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी गौरव भगत और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सबापुर निवासी श्री राम उर्फ विशाल गुप्ता) दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

### सीरिया में अमेरिकी ठिकाने पर हमला

**वॉशिंगटन.** सीरिया ने अमेरिकी ठिकाने पर हमला कर दिया. सीरिया के मध्य क्षेत्र पलमायरा में एक अमेरिकी-सिरियाई सुरक्षा गश्ती दल पर इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के एक अकेले बंदूकधारी ने घात लगाकर हमला किया है. इस हमले में 2 अमेरिकी सैनिक और 1 अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई. तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है. सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर यह हमला राष्ट्रपति बशर असद के पतन के एक साल बाद पहला ऐसा हमला है, जिसमें जानमाल का नुकसान हुआ है. अमेरिका के केंद्रीय कमान ने कहा कि मृतकों के परिवारों के प्रति सम्मान और रक्षा विभाग की नीति के अनुसार, सैनिकों की पहचान उनके परिजनों को सूचित किए जाने के 24 घंटे बाद तक गुप्त रखी जाएगी.

### इजरायल ने हमास के वरिष्ठ कमांडर को किया ढेर

**यरुशलम/गाजा.** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने शनिवार को गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है. इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमास की सैन्य शाखा में हथियार निर्माण मुख्यालय के प्रमुख राद साद को मार दिया है. इजरायली सेना के अनुसार, साद सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास द्वारा किए गए योजनाकारों में से एक था और अंतिम बचे हुए शीर्ष सरगनाओं में एक था.

# सीएम ने विकास की दिशा की तय

## मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में रतलाम को भी जोड़ा : डॉ. यादव

**8 सौ से 900 करोड़ अतिरिक्त खर्च करेगी राज्य सरकार**

**14 हजार वर्ग किमी का हो जाएगा मेट्रोपॉलिटन का दायरा**





नव भारत न्यूज

**इंदौर, 14 दिसंबर. क्षेत्र विकास को लेकर रविवार को बड़ा और साफ संदेश सामने आया. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में शहर के प्रमुख प्रोजेक्ट्स की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हुई, जहां मेट्रो रेल, एलिवेटेड ब्रिज और मेट्रोपॉलिटन रीजन को लेकर अहम फैसले लिए गए. बैठक के बाद यह स्पष्ट कर दिया कि मेट्रो रेल का रूट अंडरग्राउंड ही रहेगा और एलिवेटेड ब्रिज की मौजूदा प्लानिंग में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा.**

बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेट्रो को अंडरग्राउंड करने का निर्णय शहर हित में लिया गया है. सभी जनप्रतिनिधियों और विभिन्न स्तरों पर आए सुझावों के बाद खजराना क्षेत्र से मेट्रो को अंडरग्राउंड करने पर सहमति बनी है. इसके लिए आने वाला 800 से 900 करोड़ रुपए तक का अतिरिक्त खर्च राज्य सरकार वहन करेगी. बैठक में इंदौर उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन को लेकर भी अहम फैसला हुआ. बैठक के बाद हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन रीजन का दायरा अब लगभग 14 हजार वर्ग किलोमीटर का हो जाएगा. पहले इसमें इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, धार और देवास जिलों के करीब 10 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल थे. इसमें अब रतलाम शहर को भी इसमें जोड़ा गया है.

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मेट्रोपॉलिटन रीजन के विस्तार से इंदौर को एक मजबूत क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा. इससे परिवहन नेटवर्क सुदृढ़ होगा और उद्योगों के साथ साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हुई बैठक में शहर के यातायात सुधार, मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की प्रगति, नई बस सेवाओं के विस्तार और एमवाय अस्पताल की नई बिल्डिंग के भूमिपूजन जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई.

### मंत्री के तंज पर मुख्यमंत्री की हाजिर जवाबी...

**इंदौर.** ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में चल रही उच्चस्तरीय विकास समीक्षा बैठक के दौरान उस वक्त माहौल हल्का हो गया, जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि मुख्यमंत्रीजी, आपने आज तो एक बड़ा रहस्य ही हटा दिया. अब तक इंदौर में यही चर्चा रहती थी कि आखिर प्रभारी मंत्री कौन है.

विजयवर्गीय के इस तंज पर बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच हल्की मुस्कान फैल गई. इसके जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी बिना देर किए चुटीले अंदाज में पलटवार किया. उन्होंने कहा कि इसमें रहस्य जैसा कुछ था ही नहीं, इंदौर जिले का प्रभारी मंत्री तय है और वही यहां की बैठकों की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं. मुख्यमंत्री के इस जवाब पर बैठक कक्ष में ठहाके गूंज उठे. मंत्री विजयवर्गीय ने भी मुस्कुराते हुए बात आगे बढ़ाई और कहा कि अब कम से कम लोगों की जिज्ञासा तो खत्म हो जाएगी. इस पर मुख्यमंत्री ने हंसते हुए कहा कि विकास के काम में किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए, जिम्मेदारी जहां तय है, वहीं से काम भी चलेगा. कुछ पलों तक चली इस हल्की-फुल्की नोकझोंक के बाद बैठक फिर गंभीर एजेंडे पर लौट आई और मेट्रो, ट्रैफिक और शहरी विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा आगे बढ़ी.

### 1,000 करोड़ के साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए बड़ा एक्शन लिया है. एजेंसी ने 17 व्यक्तियों, जिनमें 4 चीनी नागरिक शामिल हैं और 58 कंपनियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. यह नेटवर्क शेल कंपनियों और डिजिटल घोटालों के जटिल जाल के जरिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़पने में शामिल था. सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, यह रैकेट अक्टूबर में भंडाफोड़ हुआ था. जांच में पता चला कि यह एक सुनियोजित सिंडिकेट था, जो विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ियों को चलाने के लिए व्यापक डिजिटल और वित्तीय ढांचे पर निर्भर था. जांच रिपोर्ट के मुताबिक, अपराधियों ने अवैध धन को 111 शेल कंपनियों के जरिए लेयर किया और म्यूल बैंक खातों से लगभग 1,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए. एक खाते में तो कम समय में ही 152 करोड़ रुपये से ज्यादा जमा हुए. ये शेल कंपनियां डमी डायरेक्टर्स, फर्जी दस्तावेजों, झूठे पतों और गलत बिजनेस उद्देश्यों के बयानों से बनाई गईं.

## सिडनी में गोलीबारी में 12 लोगों की मौत

- दो पुलिस कर्मियों सहित 11 लोग हुए घायल
- मौके पर 50 से ज्यादा गोलियां चलने की आई आवाजें



**सिडनी, 14 दिसंबर. ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की राजधानी सिडनी में रविवार शाम बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी में एक हमलावर सहित 12 लोग मारे गए, जबकि दो पुलिस कर्मियों सहित 11 से ज्यादा लोग घायल हुए। स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6:45 बजे दो काले कपड़े पहने हमलावरों ने एक पैदल ब्रिज (पार्किंग लॉट के पास) से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।**

स्थानीय समाचारपत्र सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने स्थानीय लोगों के हवाले से कहा कि 50 से ज्यादा गोलियां चलने की आवाज आई। खुशी का माहौल पल भर में अफरा-तफरी और दहशत में बदल गया। लोग चीखते-चिल्लाते इधर-उधर भागने लगे। मीडिया रिपोर्ट्स प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताती हैं कि लोग बैरिकेड्स तोड़कर भाग रहे थे।

**पीएम मोदी ने की हमले की निंदा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा करते हुये देशवासियों की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की है. पीएम ने अपने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में लिखा, मैं भारत के लोगों की तरफ से उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं.

## सरकार के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग

- वोट चोर गद्दी छोड़ नाम से विशाल रैली आयोजित
- राहुल और प्रियंका ने ईसी और भाजपा पर साधा निशाना



**नई दिल्ली, 14 दिसंबर.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है.**

गांधी और वाड्रा ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में पार्टी की वोट चोर गद्दी छोड़ नाम से विशाल रैली आयोजित की. यहां कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है. कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं. रैली में सोनिया गांधी समेत कई कांग्रेस के दिग्गज नेता मौजूद रहे.

> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भाजपा की सरकार वोट चोरी से बनी है और असत्य की नींव पर टिकी है. इस सरकार की असलियत अब उजागर हो गई है, इसलिए देश को गुमराह करने वाली सरकार को सत्ता से बाहर करना जरूरी हो गया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सत्य की विचारधारा है और उनके नेता राहुल गांधी इसी सत्य की विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं. कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी की सत्य की इस लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाना है और देश में वोट चोरी के इनके खेल को खत्म करना है. इसके लिए सबसे पहले भाजपा को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है.

## नितिन नबीन बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**पटना, 14 दिसंबर. भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन (45) को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है. इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में बीजेपी की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है.**

पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़ और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है. नितिन नबीन बीजेपी के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने हैं. यह नियुक्ति रविवार से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है. इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है. बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा की गई है. आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नितिन नबीन, जो वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री हैं, अब राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगे.

### नबीन ने कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में बनाई है पहचान : मोदी






प्रधानमंत्री मोदी ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम ने कहा कि नितिन नबीन ने पार्टी के एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन एक युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है।

### शाह ने दी बधाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नितिन नबीनजी को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं. बीजेपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो, या बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है. बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव है.

## दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण एक्यूआई 460 के पार

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी वायु प्रदूषण की रोकथाम को सख्त पाबंदियां लागू होने के बावजूद रविवार सुबह आठ बजे यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 460 दर्ज किया गया. कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि सभी स्कूलों और संस्थानों में बाहर होने वाली खेल गतिविधियों को तुरंत रोका जाए.**





आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियां जारी रखना बच्चों के लिए 'गंभीर स्वास्थ्य खतरा' साबित हो सकता है. डॉक्टर भी लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं. यह वायु प्रदूषण की बेहद खतरनाक स्थिति का संकेत देता है. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को हवा को और प्रदूषित होने से रोकने के लिए ग्रैप (श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना)-4 लागू कर दी थी.

गौरतलब है कि आयोग ने शनिवार को पहले ग्रैप-3 लागू किया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर दिल्ली शहर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लगा दिया. वाहनों और धूल प्रदूषण को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति के लिए मुख्य कारण माना जा रहा है.

ग्रैप-4 के प्रतिबंधों में निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी, और बाहरी गतिविधियों को कम करने की सलाह के साथ-साथ हाइब्रिड या ऑनलाइन स्कूलिंग की सिफारिशें शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि 450 से ऊपर का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में आता है.

**भाजपा ने फिर चौंकाया** ▶ युवा नेतृत्व के हाथ में सौंपी पार्टी की बागडोर, युवा मतदाताओं को दिया सार्थक संदेश

## नितिन को बागडोर सौंपकर रणनीतिकारों ने साधे कई निशाने

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. भाजपाई रणनीतिकारों ने एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर एक तीर से कई निशाने साधे हैं. अपेक्षाकृत युवा नेतृत्व के हाथ पार्टी की बागडोर सौंपकर पार्टी रणनीतिकारों ने जहां एक तरफ देश के युवा मतदाताओं के बीच सार्थक संदेश देने का प्रयास किया है। वहीं दूसरी ओर संगठन के प्रति समर्पित नेताओं के बीच भी उत्साह भरने का प्रयास किया है.**

> राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि भाजपाई रणनीतिकारों द्वारा उक्त निर्णय के माध्यम से बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत देने वाले मतदाताओं के बीच भी सार्थक संदेश देने का प्रयास किया गया है. इतना ही नहीं कायस्थ समाज जो संख्या बल में अपेक्षाकृत अन्य अगड़ी जातियों में कम है , उस वर्ग को महत्व देते हुए पार्टी ने हरेक निर्णय को जातीय समीकरण या संख्या बल से जोड़कर देखने वालों के लिए भी दूरगामी संदेश दिया है.

सूत्रों की मानें तो पार्टी के संसदीय बोर्ड ने उक्त फैसला करते समय देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े पांच युवा नेताओं के नाम पर बहुस्तरीय दृष्टिकोण के साथ विमर्श किया. चर्चा के दौरान लगातार पांचवीं बार विधायक बने नितिन नबीन की सांगठनिक कार्यशैली व बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उनके द्वारा की गई विकासात्मक योजनाओं के संदर्भ में सार्थक योगदान की भी समीक्षा की गई.

सूत्र बता रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मजबूत आधार को चुनौती देकर भाजपा सरकार की वापसी के असली शिल्पकार के रूप में जिस तरह से नितिन नबीन ने कार्य किया था, उसको लेकर भी चर्चा हुई. पार्टी द्वारा इससे पूर्व सौंपे गए विभिन्न दायित्वों को जिस सौम्यता के साथ नितिन नबीन ने निर्वहन किया था उसके संदर्भ में तैयार रिपोर्ट ने भी उन्हें अन्य युवा पैनलिस्ट में से अलग किया. सूत्रों की मानें तो भाजपाई रणनीतिकारों द्वारा उक्त फैसला लेने से पहले संघ से भी विस्तृत विमर्श किया गया है. माना जा रहा है कि नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संघ व पार्टी के बीच चल रहे कथित मनमुटाव का पटाक्षेप हो जाएगा. हालांकि कुछ लोग कह रहे हैं कि परंपरा के अनुसार नितिन नबीन का कार्यकारी अध्यक्ष बनना पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने का मार्ग प्रशस्त करेगा. लेकिन कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि उक्त निर्णय संघ व पार्टी के बीच आपसी समन्वय की आरंभिक कड़ी है. क्योंकि पूर्णकालिक अध्यक्ष के नाम को लेकर संघ द्वारा जो प्रस्ताव, विचार या सलाह दी गई थी , वह अभी भी विचाराधीन है. ऐसे में संभव है कि भविष्य में कुछ और चौंकाने वाले फैसले देखने को मिले.



## पंकज यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

**लखनऊ, 14 दिसंबर. यूपी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है. केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके नाम की घोषणा की. हालांकि शनिवार को एकमात्र नामांकन होने की वजह से पहले ही उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई थी. लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई.**

केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे.